हिन्दी दैनिक
निष्पक्षता
राष्ट्रीयता
आत्मीयता
सच खबर
सच पढ़ो, सच में जियो...
झारखंड
भारत सरकार से पंजीकृत
पंजीकरण सं.
JHAHIN/2023/85733
रविवार
15.12.2024
पृष्ठ : 08
मूल्य : 03 रूपया
वर्षः 03
अंकः 112

रांची के नामकुम थाना क्षेत्र में दिन दहाड़े एक व्यक्ति की हत्या,दस गोलियां मारी गई

रांचीः रांची के नामकुम थाना क्षेत्र में दिन दहाड़े एक व्यक्ति की हत्या कर दी गई है। बताया जाता है कि राजा उलिहातू के रहने वाले मधुसूदन राय को 10 से ज्यादा गोलियां मारी गई है। गोली लगने के बाद घटनास्थल पर ही उनकी मौत हो गई है। हत्या की सूचना के बाद ग्रामीण एसपी सुमित अग्रवाल ने खुद घटनास्थल का जायजा लिया है। वही डीएसपी हेडक्वार्टर 1 अमर कुमार पांडे और नामकुम थाना प्रभारी ने पूरे घटनाक्रम की जानकारी ली ही। ग्रामीण एसपी सुमित अग्रवाल ने कहा है कि अपराधियों की तलाश की जा रही है। टाटीसिलवे से रामपुर जाने के रास्ते में यह गोली कांड हुई है। जल्द से जल्द अपराधियों को पकड़ा जाएगा। अभी हत्यारों की जानकारी नहीं मिल पाई है। जल्द उन्हें सलाखों के पीछे भेजा जाएगा। वहीं डीएसपी हेडक्वार्टर 1 अमर कुमार पांडे ने बताया कि रेकी करके हत्याकांड को अंजाम दिया गया है। पूरा इलाका सुनसान है। इस वजह से हत्यारों की तलाश में थोड़ी परेशानी हो रही है। लेकिन आसपास के सीसीटीवी कैमरे को खंगाला जा रहा है। साथ ही चश्मदीद की तलाश में की जा रही है। उन्होंने बताया कि मृतक मधु राय बाउंड्री वॉल समेत अन्य कार्य करते थे। उनकी किसी से दुश्मनी थी या नहीं इसकी जानकारी ली जा रही है। जिस जगह पर इस हत्या हुई है वह रिंग रोड का इलाका है। हाईवे होने की वजह से यह पूरा इलाका सुनसान है। ऐसे में आशंका जाहिर की जा रही है कि अपराधियों की ओर से लगातार रेकी करने के बाद मौका मिलने पर इस हत्याकांड को अंजाम दिया गया है। जिस समय इस हत्याकांड को अंजाम दिया गया है। उस समय मृतक मधु राय अपनी स्कूटी से जा रहे थे। हत्याकांड के बाद पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए रिम्स भेज दिया है। फिलहाल पुलिस इस पूरे मामले की तफ्तीश कर रही है।

छत्तीसगढ़ सरकार राज्य से नक्सलवाद के खतरे को खत्म करने के लिए प्रतिबद्ध हैः अमित शाह

रायपुर । केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने रविवार को छत्तीसगढ़ के रायपुर के पुलिस परेड ग्राउंड में राष्ट्रपति पुलिस कलर अवार्ड समारोह में भाग लिया। इस दौरान उन्होंने कहा कि केंद्र और छत्तीसगढ़ सरकार 31 मार्च 2026 से पहले राज्य से नक्सलवाद के खतरे को खत्म करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। शाह ने दावा किया कि छत्तीसगढ़ पुलिस ने पिछले एक साल में नक्सलवाद के खिलाफ लड़ाई में महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल की है। श्री शाह ने नक्सलियों के लिए छत्तीसगढ़ सरकार की पुनर्वास नीति की भी सराहना की और उनसे हिंसा छोड़कर मुख्यधारा में शामिल होने की अपील की। उन्होंने कहा, 'राज्य नेतृत्व, मुख्यमंत्री, राज्य के गृह मंत्री ने संकल्प लिया है और भारत सरकार भी आपके संकल्प के प्रति प्रतिबद्ध है। हम सब मिलकर 31 मार्च 2026 से पहले छत्तीसगढ़ से नक्सलवाद को पूरी तरह से खत्म कर देंगे। हम सब 31 मार्च 2026 से पहले छत्तीसगढ़ को नक्सलवाद के चंगुल से मुक्त करने के लिए प्रतिबद्ध हैं।' केंद्रीय मंत्री ने कहा कि नक्सलवाद को खत्म करना राज्य पुलिस का संकल्प है।

ठंड के कारण सात जिलों में शीतलहर का यलो अलर्ट जारी

रांची। अभी झारखंड में बूढ़े –बुजुर्गो की भाषा में कहें तो हाड़–हिलाने वाली ठंड पड़ रही है। इसी क्रम में रविवार को झारखंड में ठंड का प्रकोप जारी रहा। राज्य के 14 जिलों में तापमान 8 डिग्री सेल्सियस से नीचे दर्ज किया गया। गढ़वा 4.5 डिग्री सेल्सियस के साथ सबसे ठंडा शहर रहा, इसके बाद खूंटी में 5 डिग्री सेल्सियस तापमान दर्ज किया गया। कांके और मैक्लुस्कीगंज में ओस की बूंदें जमने लगीं, जिससे ठंड का अहसास और बढ़ गया। ठंडी हवाओं ने भी लोगों को ठिठुरने पर मजबूर कर दिया। चार किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से चलने वाली इन हवाओं ने ठंड का असर और बढ़ा दिया।

मौसम विभाग ने अगले 24 घंटों के लिए सात जिलों में शीतलहर का येलो अलर्ट जारी किया है। इन जिलों में रामगढ़, धनबाद, बोकारो, गढ़वा, पलामू, चतरा और गुमला शामिल हैं। शनिवार को इन जिलों में न्यूनतम तापमान सामान्य से 5 डिग्री सेल्सियस नीचे रहा। अधिकतम तापमान भी सामान्य से कम रहा। मौसम विभाग के अनुसार, अगले दो दिनों तक न्यूनतम तापमान में कोई खास बदलाव होने की संभावना नहीं है। हालांकि, इसके बाद तापमान में मामूली वृद्धि हो सकती है।शनिवार को 14 जिलों का तापमान 8 डिग्री से नीचे चला गया। मैक्लुस्कीगंज का पारा 2.5 और कांके का 3.3 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया। वहीं गढ़वा का न्यूनतम तापमान 4.5 डिग्री तक गिर गया। सर्द हवाओं और शीतलहर ने ठिठुरन बढ़ा दी है। सात जिलों में शीतलहर का यलो अलर्ट जारी किया गया है। आने वाले दो दिनों में तापमान में कोई खास बदलाव की उम्मीद नहीं है।

Exclusive
Bridal
COLLECTION
9% - 14%
LOWEST MAKING CHARGES
एक अटूट विश्वास, एक सुन्दर रिवाज !
शुद्धता की कसौटी पर खरा 19 वर्षों का भरोसा
SINCE-2005
सोना महल®
विश्वास परंपरा का...
Most Popular Showroom of Jharkhand 2023
DALTONGANJ
Pandey Complex, Thana Road, Daltonganj
06562-796400

LATEHAR
1st Floor, Star City Mall, Barwadih
8757487892

AMBIKAPUR
Sadar Road, Mahamaya Chowk, Ambikapur
9771939632

क्या आम जनता की रुचि संविधान संशोधनों के इतिहास जानने में है या विज़न 2047 के संविधान का रोड मैप जानने में ?

● किशन भावनानी ●

वैश्विक स्तर पर दुनियाँ के सबसे बड़े लोकतंत्र भारत क़े निचले सदन संसद लोकसभा में 13–14 दिसंबर 2024 को संविधान पर चर्चा को पूरी दुनियाँ ने देखा जो अब 16–17 दिसंबर 2024 को उपरी सदन राज्य सभा में भी होगी। लोकसभा की चर्चा पर मैंने दोनों दिन बारीकी से पैनी नज़र रखी व 14 दिसंबर 2024 को पीएम के जवाब के बाद सोशल इलेक्ट्रॉनिक व प्रिंट मीडिया प्लेटफार्मस पर लगातार डिबेट मुलाकातें व दर्शकों द्वारा कमेंट्स का जोरदार दौर चल पड़ा जिसमें मैंने देखा कि बहुतेक विश्लेषकों कमेंट्स कर्ताओं को चर्चा का मकसद समझ नहीं आया, क्योंकि इसमें हर राजनीतिक दल, संविधान संशोधन के इतिहास की बातक़र एक दूसरे दल की टांग खिंचाई एक दूसरे के संशोधनों को गैरवाज़बी व मतलबी संशोधन की संज्ञा देते रहे, तो किसी ने इसको इतिहास की क्लास की संज्ञा दी। मैंने विशेषण किया तो मुझे भी इस पर सार्थक चर्चा नज़र नहीं आई क्योंकि सभी दल एक दूसरे के द्वारा किए गए संशोधनों पर उंगली उठा रहे थे, इस पार्टी या व्यक्ति ने इतने, तो उस पार्टी या व्यक्ति ने उतने संशोधन किया। विशेष रूप से विपक्षी नेता के 25 मिनट के संबोधन में बहुत समय पीएम उपस्थित नहीं थे, तो वही 1 घंटा 50 मिनट के पीएम के संबोधन में कुछ समय विपक्षी नेता उपस्थित नहीं दिखे, परंतु इन सब से हटकर किसी ने भी ऐसा विचार व्यक्त नहीं किया कि आओ विज़न 2047 को रेखांकित कर हम संविधान में इस तरह का संशोधन आगे करें कि विज़न को शीघ्र अपनी डेट लाइन से पहले सार्थक सफ़ल बनाने के लिए संविधान में संभावित संशोधन कर रणनीति बनाएं ताकि हम इस लक्षय को शीघ्र प्राप्त कर सकें। मुझे उम्मीद है कि 16–17 दिसंबर 2024 को उच्चसदन राज्यसभा में इसपर सार्थक चर्चा जरूर होगी।चूँकि लोकसभा में 13–14 दिसंबर 2024 को संविधान, पर चर्चा इतिहास की क्लास लगी अब राज्यसभा में 16–17 दिसंबर को चर्चा पर दुनियाँ की नज़रें लगी है, इसलिए आज हम मीडिया में उपलब्ध जानकारी के सहयोग से इस आर्टिकल के माध्यम से चर्चा करेंगे,चर्चा–ए–संविधान, एट द रेट ऑफ़ सांसद...जनता समझ नहीं पाई मकसद..। साथियों बात अगर हम संविधान पर चर्चा में विपक्ष के नेता के संबोधन की करें तो,शनिवार को संसद में अपने भाषण की शुरुआत करते हुए उन्होंने सावरकर का ज़िक्र किया और कहा, सावरकार ने लिखा है कि भारत के संविधान के बारे में सबसे ख़राब चीज़ ये है कि इसमें कुछ भी भारतीय नहीं है। वेदों के बाद मनुस्मृति वो ग्रंथ है जो हमारे हिंदू राष्ट्र के लिए सबसे पूजनीय है और ये प्राचीन समय से हमारी संस्कृति, रीति–रिवाज, विचार और व्यवहार का आधार बना हुआ है, आज जो मनुस्मृति क़ानून है उन्होंने जो कहा वो सावरकर के शब्द हैं। उन्होंने कहा, सावरकर ने अपने लेखन में साफ कर दिया है कि हमारे संविधान में भारतीयता का कोई अंश नहीं है।उन्होंने कहा है कि भारत को इस किताब (संविधान) से नहीं बल्कि इस किताब (मनुस्मृति) से चलाया जाना चाहिए।उन्होंने कहा,आज इसी की लड़ाई है, मैं सत्ता पक्ष के लोगों से पूछना चाहता हूं कि क्या आप सावरकर के शब्दों का समर्थन करते हैं, क्योंकि जब आप संविधान के पक्ष में संसद में बोलते हैं तो आप सावरकर का मजाक उड़ा रहे होते हैं, उनको बदनाम कर रहे होते हैं। उन्होंने अपने संबोधन में इसके अलावा अग्निवीर , पेपर लीक, किसानों और उत्तर प्रदेश के बारे में भी कहा।उन्होंने कहा,आप महात्मा गांधी, पेरियार और दूसरे महान नेताओं की तारीफ़ करते हैं लेकिन हिचकिचाते हुए, सच तो ये है कि आप भारत को उसी तरह से चलाना चाहते हैं जैसे पहले चलाया जाता था।उन्होंने महाभारत के पात्र एकलव्य का ज़िक्र किया और कहा,जैसे एकलव्य ने तैयारी की थी, वैसे ही हिंदुस्तान के युवा सुबह उठकर अलग–अलग परीक्षाओं की तैयारी करते हैं, लेकिन जब आपने अग्निवीर लागू किया, तब आपने उन युवाओं की उंगली काटी,जब पेपर लीक होता है, तब आप युवाओं काअंगूठा काटते हैं।उन्होंने दिल्ली की सरहदों के पास किसानों के विरोध प्रदर्शन के बारे में कहा आज आपने किसानों पर आंसू गैस चलाया है,किसान न्यूनतम समर्थन मूल्य की मांग करते हैं, लेकिन आप अडानी–अंबानी को फायदा पहुंचाते हैं।वे करीब 25 मिनट बोले।उनके बयान पर युवा मामलों के मंत्री ने जवाब दिया। उन्होंने कहा–आप अंगूठा काटने की बात कर रहे हैं। आपकी सरकार में तो सिखों के गले काटे गए, आपको देश से माफी मांगनी चाहिए। साथियों बात अगर हम माननीय पीएम द्वारा 14 दिसंबर 2024 को जवाबी संबोधन की करें तो, इस दौरान कई मुद्दों पर चर्चा की, उन्होंने कांग्रेस पर तो निशाना साधा ही,सरकार की उपलब्धियां भी गिनवाईं और अनुच्छेद 370 पर भी बात की, उन्होंने परिवार का नाम नहीं लिया,लेकिन कहा कि कांग्रेस के एक परिवार ने हर स्तर पर देश को चुनौती दी है,उन्होंने कहा,इसलिए 75 साल में 55 साल एक परिवार ने राज किया,इसलिए देश में क्या–क्या हुआ ये जानने का सबको अधिकार है। उन्होंने कहा,1947 से 1952 तक इस देश में चुनी हुई सरकार नहीं थी।चुनाव नहीं हुए थे, एक अंतरिम व्यवस्था के रूप में खाका खड़ा किया गया था। 1952 के पहले राज्यसभा का भी गठन नहीं हुआ था,राज्यों में भी कोई चुनाव नहीं थे, जनता का कोई आदेश भी नहीं था उसके बावजूद 1951 में जब चुनी हुई सरकार नहीं थी, उन्होंने संविधान को बदला और अभिव्यक्ति की आज़ादी पर हमला किया गया ये संविधान निर्माताओं का अपमान था।उन्होंने अपने संबोधन में जवाहर लाल नेहरू और इंदिरा गांधी का नाम लिया और कहा कि क़रीब छह दशक में 75 बार संविधान बदला गया।जो बीज देश के पहले प्रधानमंत्री जी ने बोया था,उस बीज को खाद–पानी देने का काम एक और प्रधानमंत्री ने किया।1971 में सुप्रीम कोर्ट का एक फ़ैसला आया थाउस फ़ैसले को संविधान बदलकर पलट दिया गया और1971 में संविधान संशोधन किया गया था।उन्होंने हमारे देश की अदालत के पंख काट दिए थे।पीएम ने पूर्व पीएम का नाम लेते हुए कहा, इंदिरा जी के चुनाव को ग़ैर नीति के कारण अदालत ने खारिज कर दिया और उनको एमपी पदछोड़ने की नौबत आईतो उन्होंने देशपर इमरजेंसी थोप दी,अपनी कुर्सी बचाने के लिए,इतना ही नहीं 1975 में 39वां संशोधन किया, उसमें राष्ट्रपति,उपराष्ट्रपति, प्रधानमंत्री, लोकसभा अध्यक्ष के चुनाव के ख़िलाफ़ कोई कोर्ट में नहीं जा सकता।उन्होंने शाह बानो मामले का ज़िक्र किया और कहा,यहां बैठे कई दलों के मुखिया को भी जेलों में ठूंस दिया गया था। राजीव गांधी जी ने संविधान को एक और गंभीर झटका दिया। सुप्रीम कोर्ट ने शाह बानो का जजमेंट दिया था। कोर्ट से एक वृद्ध महिला को उसका हक़ मिला था, राजीव गांधी ने शाह बानो की उस भावना को, सुप्रीम कोर्ट की उस भावना को, नकार दिया।उन्होंने वोट बैंक की राजनीति की ख़ातिर संविधान की भावना को बलि चढ़ा दिया।न्याय के लिए तड़प रही एक महिला की बजाय उन्होंने कट्टर पंथियोंका साथ दिया,संसद में क़ानून बनाकर सुप्रीम कोर्ट के फ़ैसले को एक बार फिर पलट दिया गया उनकी सरकार देश में समान नागरिक संहिता लाने को कोशिश कर रही है।देश में समान नागरिक संहिता के विषय पर भी संविधान सभा में चर्चा हुई थी बहस के बाद निर्णय लिया गया कि जो भी सरकार चुनकर आएगी वो इस पर निर्णय लेगी और इसे लागू करेगी।धार्मिक आधार पर बने पर्सनल लॉ को ख़त्म करने की वकालत की गई उसके संविधान सभा की बहस में के.एम. मुंशी जी ने कहा था कि समान नागरिक संहिता को लाना राष्ट्र की एकता और अखंडता के लिए अनिवार्य है। सुप्रीम कोर्ट ने भी कई बार कहा है कि देश में यूनिफार्म सिविल कोड जल्द से जल्द लाना चाहिए।संविधान निर्माताओं की भावनाओं को ध्यान में रखते हुए हम पूरी ताकत से समान नागरिक संहिता को लाने में लगे हुए हैं।पीएम ने लोकसभा में 11 संकल्प रखे ये संकल्प है। हम इसी के हिसाब से आगे बढ़ रहे हैं (1) सभी नागरिक और सरकार अपने अपने कर्तव्यों का ईमानदारी से पालन करें।(2) हर क्षेत्र और समाज को विकास का समान लाभ मिले, सबका साथ, सबका विकास' की भावना बनी रहे।(3) भ्रष्टाचार के प्रति जीरो टॉलरेंस की नीति अपनाई जाए और भ्रष्टाचारियों की सामाजिक स्वीकार्यता समाप्त हो। (4)देश के कानूनों और परंपराओं के पालन में गर्व का भाव जागृत हो।(5) गुलामी की मानसिकता से मुक्ति मिले और देश की सांस्कृतिक विरासत पर गर्व किया जाए। (6) राजनीति को परिवारवाद से मुक्त कर लोकतंत्र को सशक्त बनाया जाए।(7) संविधान का सम्मानहो और राजनीतिकस्वार्थ के लिए उसे हथियार न बनाया जाए। (8) जिन वर्गों को संविधान के तहत आरक्षण मिल रहा है, वह जारी रहे, लेकिन धर्म के आधार पर आरक्षण न दिया जाए (9) महिलाओं के नेतृत्व में विकास को प्राथमिकता दी जाए (10) राज्य के विकास के माध्यम से राष्ट्र के विकास को सुनिश्चित किया जाए (11) एक भारत, श्रेष्ठ भारत' के लक्ष्य को सर्वोपरि रखा जाए। अतः अगर हम उपरोक्त पूरे विवरण का अध्ययन क़र इसका विश्लेषण करें तो हम पाएंगे कि चर्चा–ए–संविधान /सांसद.... जनता समझ नहीं पाई मकसद ?आम जनता संविधान संशोधनों का इतिहास आरोप प्रत्यारोप पर नहीं बल्कि विज़न 2047 के संविधान का रोडमैप जानने में रुचिकर है?लोकसभा में 13–14 दिसंबर 2024 संविधान चर्चा इतिहास की क्लास लगी?अब राज्यसभा में 16–17 दिसंबर को चर्चा पर दुनियाँ की नज़रें लगी।

(यह लेखक के अपने विचार हैं)।

राशि फल

मेष राशि: मेष राशि के लोगों की कामकाज क्षेत्र में प्रयासों की सराहना होगी, जिससे पहचान मजबूत होगी. जो लोग पार्टनरशिप में कारोबार करते हैं, वह अच्छा लाभ देखकर थोड़ा स्वार्थी हो सकते हैं, जिससे आपको बचना है और पार्टनरशिप में पारदर्शिता बनाए रखने का प्रयास करना है.

वृष राशि: इस राशि के लोगों को व्यवहार में परिवर्तन लाने की कोशिश करनी होगी अन्यथा लोग पीठ पीछे लोग आपकी बुराई करते हुए नजर आ सकते हैं. निजी जीवन की परेशानियों के कारण व्यापारी वर्ग आज कारोबार पर ध्यान कम दे सकेंगे.

मिथुन राशि: मिथुन राशि के लोगों को कार्यक्षेत्र पर किसी से भी उलझने से बचना है क्योंकि पद एवं प्रतिष्ठा की हानि होने की आशंका है. व्यापारी वर्ग को धैर्य बनाए रखना होगा क्योंकि आज योजनाओं के विपरीत कार्य होने की आशंका है. बेहतर रोजगार की तलाश युवा वर्ग स्वयं करने के साथ दोस्तों यारों से भी मदद लेते हुए नजर आएंगे. घरेलू महिला सदस्य के साथ संबंध में दरार पड़ने की आशंका है,

कर्क राशि: इस राशि के लोगों के कार्यस्थल पर काम और मनोरंजन दोनों का तालमेल बना रहने वाला है. आज किन्हीं कारणों से युवा वर्ग की एकाग्रता भंग होती नजर आ रही है. आप धार्मिक कार्यक्रम का हिस्सा तो बनेंगे लेकिन आपका दिमाग कहीं और दिल कहीं और होगा.

सिंह राशि: सिंह राशि के जिन लोगों की पहली और नई नौकरी है, वह बॉस की उम्मीदों पर खरा उतरने का प्रयास करेंगे. व्यापारी वर्ग दस्तावेज से जुड़े कार्य होशियारी के साथ करें, सभी दस्तावेज धैर्य के साथ पढ़े साथ ही किसी लीगल सलाहकार की मदद जरुर लें.

कन्या राशि: इस राशि के जो लोग चार्टेड अकाउंटेंट की या उनके अंडर में जॉब करते हैं, उन्हें आज अपने कार्यों में सावधानी बरतनी है. दोपहर के बाद से व्यापारी वर्ग के लिए आकस्मिक लाभ के योग बन रहे है, सार्वजनिक क्षेत्र पर भी छवि सुधरेगी लोग आपकी प्रशंसा भी करेंगे. लव रिलेशन में कुछ उथल पुथल होने वाली है, छोटी–छोटी बातों पर क्रोध अधिक आना और पार्टनर से अलग होने का विचार आ सकते हैं.

तुला राशि: तुला राशि के लोग अपनी आलोचनाओं को सकारात्मक रूप से स्वीकार कीजिए क्योंकि लोगों की कड़वी बातें आपके व्यक्तित्व को और निखारने का काम करेगी. समय अनुकूल न होने के कारण व्यापारी वर्ग को कार्यों को पूरा करने के लिए मेहनत थोड़ी ज्यादा करनी पड़ सकती है.

वृश्चिक राशि: इस राशि के लोगों का सच से सामना होगा, यानी कि उन दिखावटी लोगों के चेहरे का पर्दाफाश होगा, जो लोग आपके साथ होने का सिर्फ दिखावा कर रहे थे. व्यापारी वर्ग कठिन कार्यों को साहस से पूरा करेंगे. युवा वर्ग अपने काम पर ध्यान दें , निश्चित रूप से आपको लाभ होगा. जीवनसाथी से अपने प्रेम का इजहार करें,

धनु राशि: धनु राशि के लोग सावधानी से और सजग होकर काम करें, आर्थिक लाभ होने के योग हैं. व्यापारी वर्ग को यात्रा पर जाना पड़ सकता है. किसी तीसरे व्यक्ति के कारण लव पार्टनर के साथ बहसबाजी होने की आशंका है, आप थोड़ा शंकालु प्रवृत्ति के हो सकते हैं . माता पिता की सेहत का ध्यान रखना होगा ,

मकर राशि: इस राशि के लोगों को कार्यस्थल की कुछ नई जिम्मेदारी मिलने की संभावना है. व्यापारी वर्ग कार्यों के परिणाम से असंतुष्ट हो सकते हैं. दोस्तों के साथ एंटरटेनमेंट करने का मौका मिलेगा, साथ मिलकर किसी मूवी या घूमने फिरने जा सकते हैं. खर्चों पर अंकुश लगाने का प्रयास करें, अन्यथा जेब पूरी तरह से खाली हो सकती है.

कुंभ राशि: कुंभ राशि के लोगों की कार्यस्थल पर प्रेम प्रसंग की शुरुआत हो सकती है, जिससे आपको बचने की कोशिश करनी है. कार्यस्थल पर कुछ खर्चों में वृद्धि होने की संभावना है, किसी कर्मचारी को चोट लगने से उनके इलाज में भी धन व्यय हो सकता है. नेगेटिव लोगों से खुद को दूर रखें,

मीन राशि: इस राशि के लोगों के लिए मौज मस्ती भरा दिन है, काम के साथ मौज मस्ती जारी रहने से हंसते–हंसते काम भी हो जाएंगे और आपको इसका पता भी नहीं चलेगा. व्यापारी वर्ग के लिए इनकम के सोर्स बढ़ेंगे, किसी संपर्क के माध्यम से बड़ा ऑर्डर मिलने की संभावना है।

विज्ञान प्रदर्शनी से बच्चों में बढ़ती है वैज्ञानिक सोच : अतुल वर्मा

-Pre.Nursery

सच खबर मेदिनीनगर। पलामू जिले के ले. स्लीगंज प्रखंड के गोपालगंज राइजिंग स्टार पब्लिक स्कूल में विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। इसमें बच्चों ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन जोर–शोर से किया।विज्ञान प्रदर्शनी का उद्देश्य बच्चों में विज्ञान के प्रति रूचि बढ़ाने को लेकर किया गया। इसके बाद स्कूल के डायरेक्टर अतुल कुमार चंद्रवंशी और प्रिंसिपल सोनाली वर्मा के द्वारा बच्चों के द्वारा बनाए गए मॉडलों का अवलोकन किया गया।वही बच्चों ने भी प्रस्तुत किए गए मॉडल की विस्तार से अपने स्कूल के डायरेक्टर और प्रिंसिपल को इसकी जानकारी दी।वहीं मौके पर उपस्थित स्कूल के डायरेक्टर अतुल चंद्रवंशी ने बच्चों के मॉडल को देखकर कहा कि बच्चों ने साबित कर दिया कि वे नन्हें वैज्ञानिक से कम नहीं हैं. उन्होंने कहा कि इस तरह की विज्ञान प्रदर्शनी से बच्चों में वैज्ञानिक दृष्टिकोण की कल्पना को बढ़ावा मिलता है।वही प्रदर्शनी को सफल बनाने में विद्यालय के प्रिंसिपल सोनाली वर्मा का अहम भूमिका रहा।बताते चले की राइजिंग स्टार पब्लिक स्कूल में नर्सरी से क्लास 8 तक की सुविधा उपलब्ध है। इस स्कूल में नेतर हार्ट एवं सैनिक स्कूल की तैयारी विशेष रूप से कराई जाती है।इसके अलावा इस स्कूल में कंप्यूटर लैब की व्यवस्था,खेलकूद की व्यवस्था,बच्चों के लिए स्मार्ट क्लास की व्यवस्था,सप्ताहिक जांच परीक्षा की सुविधा,बच्चों के मानसिक विकास के लिए समय–समय पर भ्रमण की व्यवस्था,योग्य एवं अनुभवी शिक्षकों के द्वारा पढ़ाई की सुविधा उपलब्ध है।

वन विभाग और पुलिस की संयुक्त टीम ने 15 एकड़ में लगी अवैध अफीम की खेती नष्ट की

सच खबर, मनातू। मनातू थाना अंतर्गत ग्राम सिकड़ा और सिकनी के वन क्षेत्रों में वन विभाग और पुलिस की संयुक्त टीम ने शनिवार को बड़ी कार्रवाई करते हुए करीब 15 एकड़ में फैली अवैध अफीम की खेती को नष्ट कर दिया। सिकड़ा के वन क्षेत्र में करीब 10 एकड़ और सिकनी के वन क्षेत्र में लगभग 5 एकड़ में अवैध रूप से अफीम की खेती की जा रही थी। गुप्त सूचना के आधार पर वन विभाग और पुलिस ने संयुक्त अभियान चलाकर इन दोनों क्षेत्रों में छापेमारी की। अभियान के दौरान वन विभाग और पुलिस के कर्मियों ने अफीम के पौधों को जड़ से उखाड़कर नष्ट कर दिया। इस दौरान सुरक्षात्मक उपायों का भी पालन किया गया ताकि किसी भी तरह की अप्रिय घटना न हो।अधिकारियों ने बताया कि अवैध खेती करने वालों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी। स्थानीय निवासियों से भी अपील की गई है कि वे अवैध गतिविधियों की सूचना तुरंत प्रशासन को दें ताकि समय रहते कार्रवाई की जा सके।

निगम क्षेत्र में सुलभ बालू उठाव कराये जिला प्रशासन: रुचिर तिवारी

सच खबर, मेदिनीनगर। आज रेड़मा स्थित गौरव मंदिर के प्रांगण में शहर के व्यवसायियों एवं ट्रैक्टर मालिकों की बैठक हुई । बैठक की अध्यक्षता सत्येंद्र नाथ गिरी एवं संचालन भाकपा जिला सचिव रूचिर कुमार तिवारी ने किया। बैठक में छड़ , सीमेंट, इंटा,छरी,लकड़ी,लोहा व्यवसायियों सहित ट्रैक्टर मालिकों, चालकों एवं मजदूरों की बैठक मेदनीनगर शहर में उत्पन्न बालू संकट को लेकर किया गया। बैठक में सभी व्यवसायिक वर्गों ने अपना रोष व्यक्त किया और कहा कि एनजी टी के द्वारा रोक हटाने के बावजूद भी अभी तक जिला प्रशासन के उदासीन रवैया के चलते शहरी क्षेत्र में बालू उपलब्ध नहीं कराया जा रहा है, जबकि दूसरे जिलों में बालू का उठाव शुरू है जिसके चलते सारे व्यवसाय प्रभावित है। शहरी आवास योजना भी नहीं बन रहा है वहीं लोन से लिया गया ट्रैक्टर खींचाने के कगार पर है कांके में एक घाट पर बालू चालू भी हुआ तो 700 रुपये चालान की जगह 2000 रुपये चालान जबरन वसूला जा रहा है। प्रशासनिक पदाधिकारी आम जनता का सहयोग करने के बदले बालू के नाम पर वसूली कर उनका दोहन करने में लगी हुई है । ऐसी स्थिति में शहर के सारे व्यवसायिक जिला प्रशासन सदर अनुमंडल पदाधिकारी से मांग करते हैं कि शहर एवं शहर के अगल–बगल के नजदीक बालू घाटों को अविलंब चालू किया जाए, अन्यथा सभी व्यवसायी अपना कारोबार ठप करके अपनी–अपनी चाबी अनुमंडल पदाधिकारी के समीप सौंप देंगे। दूसरे जिले में बालू घाट चालू हो गया। पलामू जिला में भी कई एक जगह पर बालू घाट चालू हुआ है, लेकिन शहरी क्षेत्र और इसके अगल–बगल के क्षेत्र में आखिर बालू कब चालू करेगी जिला प्रशासन। बैठक में रामराज तिवारी,बिजयानंद पाठक,मुन्ना तिवारी, अजय प्रजापति, अमित कुमार, सत्येंद्र मिश्रा, संदीप मिश्रा, विनोद कुमार, गोरख तिवारी, विनय मिश्रा परमाशंकर तिवारी, प्रवेश तिवारी जोगी पाठक, उमेश तिवारी, रोहित पाठक, सुनील पासवान , कुकू तिवारी, मुकेश पाठक, सुधीर तिवारी अवधेश विश्वकर्मा प्रेम प्रकाश ठाकुर नीरज तिवारी विनोद चौधरी इंद्रजीत तिवारी अवधेश विश्वकर्मा सरोज तिवारी कन्हाई तिवारी पिंटू चौधरी शाहिद सैकड़ो लोग उपस्थित थे और सभी ने एक स्वर में जल्द बालू चालू करने की अपील की।

जिंदगी सिर्फ हार और जीत नहीं है: उपायुक्त रमेश घोलप

जिला स्तरीय युवा महोत्सव 2024- 25 का आयोजन

सच खबर,चतरा। चतरा जिला स्तरीय युवा महोत्सव 2024– 25 का आयोजन 15 दिसंबर रविवार को जिला खनिज फाउंडेशन ट्रस्ट सह प्रशिक्षण भवन हॉल चतरा में किया गया। उत्सव का विधिवत उद्घाटन जिले के उपायुक्त रमेश घोलप द्वारा किया गया।गई। जिला क्रीड़ा पदाधिकारी तुषार राय ने बताया कि जिले में रहने वाले स्कूल और कॉलेजों के 15 से 29 वर्ष तक के युवा इसमें शामिल हुए। कुल 11विभिन्न स्पर्धाओं में सफल होने वाले केवल प्रथम स्थान पाने वाले खिलाड़ी को प्रमंडल में 16 दिसंबर को होने वाले इवेंट में भेजा जाएगा। उपायुक्त ने अपने संबोधन में पुराने दिनों को याद करते हुए कॉलेज व विद्यालय में पढ़ाई करने के दौरान आने वाली कठिनाइयों के बारे में बताया। हमलोग कभी भी किसी भी प्रतियोगिता को हार जीत में देखते है, जिंदगी सिर्फ हार और जीत नहीं है। कहते है अगर आपको मंजिल के तरफ जाना है तो आपको चलते रहना होगा, आप लोग मेहनत कीजिए और चलते रहिए सफलता जरूर मिलेगी । जिंदगी में इम्तहान बहुत होंगे, जो तेरे आज आगे हैं कल तेरे पीछे होंगे, तू बस चलना मत छोड़ना, तू बस लड़ना मत छोड़ना। आप सभी को मै धन्यवाद देता हूं कि आप सभी के कारण आज मुझे अपने पुराने दिनों को याद करने का मौका मिला है। एकल लोकनृत्य में प्रथम स्थान सिमरन साह, द्वितीय मानसी रंजन, तृतीय कोमल कुमारी, एकल लोकगीत में प्रथम साक्षी प्रिया दुबे, द्वितीय प्रियंजलि दुबे, तृतीय मनीषा कुमारी, भाषण में प्रथम राजनंदनी कुमारी, द्वितीय मानवी चौधरी, तृतीय दीप्ति नमन टोप्पो, कविता लेखन में प्रथम स्थान अर्चना कुमारी, द्वितीय स्वीटी कुमारी, तृतीय साक्षी कुमारी, कहानी लेखन में प्रथम स्थान ललन कुमार, द्वितीय प्रेम करमाली, तृतीय सिमरन कुमारी गर्ल स्कूल, चित्रकला में प्रथम स्थान दीपक कुमार, द्वितीय रोहित कुमार, तृतीय सोनी कुमारी, फोटोग्राफी में प्रथम सुमित कुमार, द्वितीय अभय कुमार, तृतीय अभिषेक कुमार दांगी, विज्ञान मेला (एकल) में प्रथम स्थान अनुराग कुमार, द्वितीय रिकी कुमारी, तृतीय मनीषा कुमारी, विज्ञान मेला (सामूहिक) में प्रथम स्थान जवाहर नवोदय विद्यालय चतरा, द्वितीय बॉयज हाइ स्कूल चतरा, तृतीय कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय चतरा, सामूहिक लोकगीत में प्रथम स्थान नेताजी सुभाष चंद्र बॉस विद्यालय, द्वितीय निकुंज तिग्गा नजरथ, तृतीय स्थान बुधरू ग्रुप, सामूहिक लोकगीत में प्रथम स्थान प्रतिभा कुमारी, द्वितीय डॉली ग्रुप, तृतीय स्थान दुर्गा शोभा ग्रुप ने लाया। उक्त सभी प्रतिभागियों जिन्होंने प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान लाया उन सभी को पुरस्कार राशि देकर उत्साहवर्धन करते हुए सम्मानित किया गया।

सरदार पटेल आज हमारे लिए आज भी प्रासंगिक हैं: उदय राम

सच खबर, मेदिनीनगर। बेरोजगार संघर्ष मोर्चा के जिला कार्यालय में देश के प्रथम गृह मंत्री लौह पुरुष सरदार बल्व भाई पटेल की 74 वीं पुण्य तिथि मनाई गई ।कार्यक्रम की अध्यक्षता मोर्चा अध्यक्ष उदय राम ने कि संचालन संजय कुमार ने किया सर्व प्रथम पटेल के तस्वीर पर फूल माला चढ़ा कर कार्यकर्म की शुरुआत की । मोर्चा अध्यक्ष उदय राम ने कहा कि सरदार पटेल आधुनिक भारत के शिल्पी एवम देश की एकता अखंडता के प्रतीक थे वे स्वतंत्रता संग्राम के अग्रणी नेता थे देश के प्रथम गृह मंत्री बने उनके कई ऐतिहासिक कार्यों में सोमनाथ मंदिर का पुनर्निर्माण ,खगांधी स्मारक निधि की स्थापना एवं कमला नेहरू अस्पताल के रूप रेखा जैस कई कार्य हमेशा याद किए जाते है । सरदार पटेल ने 650 छोटे छोटे राज्यों को मिलाया इस कारण देश वाशियो ने लौह पुरुष की उपाधि से नवाजा था पटेल को 1991 में भारत रत्न से नवाजा गया था सरदार पटेल का सपना था भारत एक अच्छा उत्पादक देश बने देश में कोई भूखा न हो और देश का चौहमुखी विकाश हो । सरदार पटेल आज हमारे भी नहीं है, लेकिन उनका विचार आज भी काफी प्रासंगिक है ।सनी कुमार ने सरदार पटेल की जीवनी पर प्रकाश डालते हुए कहा कि सरदार पटेल आजादी की लड़ाई में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी वे एकता और अखंडता के सूत्रधार थे इस अवसार पर सूरज कुमार, कृष्णा राम, जयपाल मोची, अरुण पासवान, अनुज कुमार, सुधीर कुमार, संजय चौरसिया, मिथिलेश कुमार ,संजय मिस्त्री, राजेश रंजन, दीपक कुमार, उपेंद्र तिवारी, श्याम पाठक ,संतोष विश्वकर्मा ने विचार व्यक्त किए ।रामनरेश महतो ने धन्यवाद ज्ञापित किया ।

'जन शिकायत समाधान' कार्यक्रम को लेकर विभिन्न गाँवों में जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है

सच खबर, मोहम्मदगंज। मोहम्मदगंज थाना क्षेत्र में 18 दिसंबर को आयोजित होने वाले जन शिकायत समाधान कार्यक्रम को लेकर व्यापक स्तर पर जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान के तहत थाना क्षेत्र के विभिन्न गाँवों, रेलवे स्टेशन, बैंक, बाजार, और साप्ताहिक बाजारों में जाकर लोगों से सीधा संपर्क स्थापित किया जा रहा है। अभियान के दौरान लोगों को कार्यक्रम की तिथि, समय, और स्थान की जानकारी प्रदान की जा रही है, साथ ही उन्हें इस अवसर का लाभ उठाने के लिए प्रेरित किया जा रहा है। जन शिकायत समाधान कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य आम जनता की समस्याओं का त्वरित और प्रभावी समाधान सुनिश्चित करना है। थाना प्रभारी मोहम्मदगंज ने लोगों से अपील की है कि वे अधिक से अधिक संख्या में कार्यक्रम में भाग लें और अपनी शिकायतों का समाधान प्राप्त करें। इस पहल के माध्यम से प्रशासन और जनता के बीच संवाद को मजबूत बनाते हुए एक सकारात्मक वातावरण स्थापित करने का प्रयास किया जा रहा है।

राजस्व में बढ़ोतरी होने से मंईयां सम्मान योजना की राशि पूरी हो जाएगी : वित्त मंत्री राधा कृष्ण किशोर

मेदिनीनगर । मंईयां सम्मान योजना की राशि प्रशासनिक प्रक्रिया में देरी होने के कारण महिलाओं के खाते में नहीं आ पाई है। जल्द ही यह प्रक्रिया पूरी कर ली जाएगी। लाभुकों के खाते में उतनी ही राशि जाएगी। उक्त बातें झारखंड सरकार के वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर ने कही। श्री किशोर शनिवार को स्थानीय कांग्रेस भवन में आयोजित प्रेस वार्ता को संबोधित कर रहे थे। राधाकृष्ण किशोर ने कहा कि झारखंड की हेमंत सोरेन सरकार जो भी घोषणा करती है, उसे पूरा भी करती है। 50 लाख लाभुकों के खाते में हर महीने 2500– 2500 रुपये दिए जाने हैं। कहा कि मंईयां सम्मान योजना की राशि पूरी करने के लिए सरकार कई बिंदुओं पर काम कर रही है। झारखंड को 70 फीसदी राजस्व कमर्शियल डिपार्टमेंट से मिलता है। राजस्व में बढ़ोतरी होने से मंईयां सम्मान योजना की राशि पूरी हो जाएगी। वित्त मंत्री ने कहा कि समीक्षा के दौरान पाया है कि झारखंड सरकार के राजस्व में कई लीकेज है। लीकेज को रोकने के लिए सचिव को निर्देश दिए गए हैं। वित्त मंत्री ने उदाहरण देते हुए कहा कि 2018–19 में एक्साइज से एक हजार करोड़ का राजस्व प्राप्त हुआ था। 2019–20 में यह राजस्व बढ़कर दो हजार करोड़ हो गया। 2019–20 के बाद राजस्व में कोई बढ़ोतरी नहीं हुई है। पूरे मामले में मुख्यमंत्री से बात करेंगे। संभव हुआ तो नीति में बदलाव भी हो सकते हैं। वित्त मंत्री ने कहा कि झारखंड सरकार को फिलहाल खनिज संपदा से 11 हजार करोड़ का राजस्व मिलता है। ओडिशा जैसे राज्य को खनिज संपदा से 45 से 50 करोड़ का राजस्व मिलता है। वित्तीय वर्ष 2025–26 में माइनिंग व सेल टैक्स से 10 हजार करोड़ रुपये का राजस्व बढ़ाने का लक्ष्य रखा गया है। मंत्री ने कहा कि राजस्व बढ़ाने के लिए कई बिंदुओं पर काम किया जा रहा है। वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर ने पूर्ववर्ती भारतीय जनता पार्टी सरकार पर कई गंभीर आरोप लगाए। कहा कि भारतीय जनता पार्टी की सरकार ने झारखंड का राजस्व को बढ़ाने के लिए कोई कारगर कदम नहीं उठाया। राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के तहत पूरे राज्य में तीन से चार हजार करोड़ के भवनों का निर्माण किया गया। उन भवनों का कोई उपयोग नहीं हुआ। ऐसा क्यों हुआ, यह जांच का विषय है। वित्त मंत्री ने कहा कि सरकार पानी की समस्या को दूर करने के लिए भी काम कर रही है। कहा कि वे पलामू में होने वाली सभी बैठकों में हिस्सा लेंगे। साथ ही क्षेत्र की समस्याओं का समाधान करेंगे।

देवताही ग्राम में संदेहास्पद स्थिति में युवक का शव बरामद पुलिस को जांच के लिए आवेदन दिया

सच खबर, छत्तरपुर। छत्तरपुर थाना क्षेत्र के देवगन पंचायत अंतर्गत देवताही ग्राम में बीती रात संदेहास्पद स्थिति में युवक का शव बरामद किया गया। मिली सूचना अनुसार देवताही निवासी प्रमोद यादव उम्र करीब 35 वर्ष पिता मंगल यादव शनिवार की रात भोजन करने के बाद अपने कमरे में सोने चले गए। वहीं बगल के कमरे में उनकी पत्नी दो बच्चों के साथ सो गई। रात करीब एक बजे पत्नी बच्चों को पानी पिलाने उठी तो देखा कि प्रमोद यादव का कमरा बिखरा पड़ा है और प्रमोद यादव बिछावन पर पड़े हैं। जिसे उठाने की कोशिश की, लेकिन नहीं उठ पाया। शोर मचाने पर प्रमोद यादव के पिता और परिजन कमरे में आए और देखा कि प्रमोद यादव मृत अवस्था में पड़े हुए है। जिसकी जानकारी सुबह छतरपुर थाने को दी गई। छतरपुर थाना द्वारा शव को कब्जे में लेकर अंत परीक्षण हेतु मेदनीनगर भेज दिया गया। वहीं मृतक के परिजनों के द्वारा छतरपुर थाने में लिखित आवेदन देकर जांच की मांग की गई है।

झारखण्ड आन्दोलनकारी संघर्ष मोर्चा ने वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर का स्वागत किया

सच खबर, मेदिनीनगर। झारखण्ड आन्दोलनकारी संघर्ष मोर्चा की ओर से वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर को नई मुहल्ला स्थित मोर्चा के केन्द्रीय संयोजक सतीश कुमार के आवास पर भव्य समारोह में पुष्प माला व बुके व शाल ओढ़ा कर स्वागत किया गया। व झारखण्ड आन्दोलनकारी संघर्ष मोर्चा की ओर से ज्ञापन सौंपा गया। सतीश कुमार ने कहा कि झारखण्ड लड कर राज्य बना है मगर आन्दोलनकारी आज सबसे उपेक्षित है। सरकार झारखण्ड आन्दोलनकारी को जेल जाने की बाध्यता समाप्त कर सभी चिन्हित आन्दोलनकारी को मान सम्मान व पेन्शन दिया जाय। बिकेश शुक्ला ने कहा आन्दोलनकारीयो के आश्रितों को स्वास्थ्य व शिक्षा की गारंटी दी जाय। प्रमोद सोनी ने कहा कि सभी झारखण्ड आन्दोलनकारियों की शहादत व मृत्यु के पश्चात उनके परिवार को शहीद सूची में शामिल कर सम्मानित किया जाय। बाल किशुनपुर उरांव ने कहा कि मंत्री जी से बडी उम्मीद है सभी चिन्हित आन्दोलनकारियो को राज्य स्थापना दिवस, स्वतंत्रता दिवस, गणतंत्र दिवस पर प्रशस्ति पत्र ताम्रपत्र देकर पूरे राज्य में प्रशासनिक स्तर पर सम्मानित किया जाय। आन्दोलनकारी नेत्री बिलंगना किंडो ने कहा कि झारखण्ड आन्दोलनकारी और खास कर महिला आन्दोलनकारी की दुर्दशा को सरकार सुधार करे। प्रदीप सिन्हा ने कहा कि 24साल का युवा झारखण्ड में आन्दोलनकारियों को वर्तमान सरकार ही स्थिति बदल सकती है। झारखण्ड आन्दोलनकारी तुलसी शुक्ला, दाउद केरकेट्टा, राम लव तिवारी, धर्मेंद्र कुमार, विकास चन्द्रवंशी, गणेश रवि, जग नारायण महतो, कुश कुमार ,कोमल कुमार अंकू, आयुष कश्यप, हिमांशु राज, अरूण कुमार सिंह, तारेन्द्र सिंह ,प्रदीप अकेला, राजकुमार, राजू श्रीवास्तव समेत नई मुहल्ला के निवासी शामिल थे। वित मंत्री राधाकृष्ण किशोर ने कहा कि हम इस सम्मान को भूल नही सकते। हम आन्दोलनकारियों को सम्मान देने व समस्याओं का समाधान करने के लिए कटिबद्ध हैं।

जेएसएससी कार्यालय के घेराव को लेकर झारखंड पुलिस की ओर से विशेष चौकसी

रांचीः जेएसएससी सीजीएल परीक्षा रद्द करने की मांग को लेकर लगातार अभ्यर्थी आंदोलनरत है और एक बार फिर से जेएसएससी कार्यालय के घेराव की तैयारी में है। ऐसे में झारखंड पुलिस की ओर से विशेष चौकसी बरती जा रही है। अभ्यर्थियों के विरोध प्रदर्शन को लेकर बड़ी संख्या में पुलिस बल तैनात किए गए हैं। साथ ही फायर ब्रिगेड,वाटर कैनन, टियर गैस के साथ पूरे इलाके को पुलिस छावनी में तब्दील कर दिया गया है। राज्य के डीजीपी अनुराग गुप्ता ने पिछले दिनों पुलिस हेडक्वार्टर में बैठक कर हजारीबाग में हुई घटना को लेकर सभी जिलों के एसपी को निर्देश भी दिए थे कि ऐसी घटना दोबारा ना हो। दरअसल हजारीबाग में सीजीएल परीक्षार्थियों के विरोध के दौरान लाठीचार्ज का मामला सामने आया था। इसको लेकर सदन में भी विपक्ष ने विरोध दर्ज किया था। ऐसे में छात्रों के विरोध प्रदर्शन के दौरान किसी भी तरह की अप्रिय घटना ना हो। इस पर भी विशेष चौकसी बरती जा रही है। साथ ही पूरे विरोध प्रदर्शन के दौरान ड्रोन कैमरे से भी निगरानी रखी जाएगी। इस पूरे मामले की मॉनिटरिंग खुद राज्य के डीजीपी कर रहे हैं। वहीं रांची रेंज के डीआईजी अनूप बिरथरे भी लगातार जेएसएससी कार्यालय का जायजा ले रहे है। हालांकि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने जेएसएससी सीजीएल परीक्षा की गड़बड़ी मामले की जांच सीआईडी से कराने के आदेश दिए है। जबकि पेपर लीक के सभी आरोपों को जेएसएससी ने सिरे से खारिज करते हुए कहा है कि 21 और 22 सितंबर को आयोजित परीक्षा में किसी भी तरह की कोई गड़बड़ी नहीं हुई है। इस परीक्षा में 2231 अभ्यर्थियों में 2145 झारखंड के निवासी हैं और उनमें से 83 फीसदी अभ्यर्थी रिजर्व कोटे के हैं।

खूंटी, रनिया, मुरहू, शीलादोन अड़की, सोसोकुटी एवं सोदे लैम्प्स केंद्र का हुआ शुभारंभ

सच खबर,खूँटी। खरीफ विपणन मौसम 2024–25 में किसानों से धान अधिप्राप्ति हेतु आज रविवार 15 दिसम्बर को खूंटी, रनिया, मुरहू, शीलादोन अड़की, सोसोकुटी एवं सोदे लैम्प्स केंद्र का शुभारंभ हुआ। इस मौके पर विधायक खूँटी श्री राम सूर्य मुंडा, विधायक तमाड़ विकास मुंडा, सांसद प्रतिनिधि खूँटी समेत अन्य जन प्रतिनिधि, जिला आपूर्ति पदाधिकारी मुख्य रूप से उपस्थित रहे। इस दौरान किसानों से धान खरीदा गया। उल्लेखनीय है कि किसानों के हित में राज्य सरकार द्वारा खरीफ विपणन मौसम 2024–25 के अंतर्गत इस वर्ष किसानों को उनकी मेहनत का उचित मूल्य सुनिश्चित करने के लिए धान का न्यूनतम समर्थन मूल्य रूपये 2300/– प्रति क्विंटल निर्धारित किया गया है। इसके अतिरिक्त, किसानों को रूपये 100/– प्रति क्विंटल का बोनस भी प्रदान किया जाएगा। धान अधिप्राप्ति को लेकर जिले के किसानों से उपायुक्त लोकेश मिश्रा ने आग्रह किया है कि वे समय पर अपने धान की बिक्री सुनिश्चित करने के लिए निकटतम अधिप्राप्ति केंद्रों यथा लैम्प्स,पैक्स केंद्र से संपर्क करें। धान अधिप्राप्ति के दौरान पारदर्शिता और सुगमता सुनिश्चित करने के लिए सभी केंद्रों पर विशेष व्यवस्थाएं की गई हैं। किसानों से यह भी अनुरोध किया गया है कि वे धान की गुणवत्ता और मापदंडों का विशेष ध्यान रखें, ताकि अधिप्राप्ति प्रक्रिया में कोई बाधा न हो। साथ हीं उन्होंने धान अधिप्राप्ति प्रक्रिया में बिचौलियों से किसानों को सावधान रहने का भी अपील किया है। साथ हीं एसएमएस के माध्यम से किसानों को धान अधिप्राप्ति हेतु सूचित भी किया जा रहा है।

बरवाडीह व छिपादोहर लैंप्स में उद्घाटन कर धान खरीद की हुई शुरुआत,30 क्विंटल धान की खरीदारी की गई

सच खबर, बरवाडीह। तय शुदा कार्यक्रम के अनुसार रविवार को प्रखंड के दो लैंप्स में रविवार को क्रय केंद्र का उद्घाटन किया गया. मुख्यालय के प्रखंड परिसर स्थित लैंपस भवन में प्रखंड विकास पदाधिकारी रेशमा रेखा मिंज,जिप सदस्य संतोषी शेखर, सीओ मनोज कुमार,20सूत्री अध्यक्ष मो नसीम अंसारी, विधायक प्रतिनिधि प्रेम कुमार सिह, सामाजिक कार्यकर्ता अनिल कुमार सिंह, कांग्रेस प्रदेश प्रतिनिधि रविंद्र राम कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष प्रिंस कुमार गुप्ता, लैंपस अध्यक्ष बह्मदेव सिंह, जेएमएम महिला नेत्री आरती देवी समेत अन्य अतिथियों ने संयुक्त रूप से फीता काटकर धान क्रय केंद्र का उद्घाटन किया गया. पहले दिन उद्घाटन के उपरांत मुख्य पर अतिथियों द्वारा पूर्व से निबंधित केचकी के किसान उमेश कुमार यादव का 30 क्विंटल धान तोल कर खरीदी किया गया. इसके साथ ही बाकी अन्य किसानों की धान की खरीदारी किया जाएगा. धान खरीदारी के मौके पर मंगरा बरवाडीह लैंपस अध्यक्ष ब्रह्मदेव सिंह ने बताया कि सरकारी आदेशानुसार धान खरीदारी का निर्धारण मूल्य 100 रुपए बोनस से साथ 2400 क्विंटल किया गया है. लैंपस अध्यक्ष ने बताया कि पूर्व निबंधित किसानों का धान की खरीदारी की जायेगी। बाकी बचे किसान भी धान बिक्री हेतु अपना निबंध हेतु आवेदन जमा कर सकते है। इसके साथ ही छिपादोहर लैंप्स में भी जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में धान क्रय केंद्र का उद्घाटन कर धान खरीदारी की शुरूआत किया गया. मौके पर सुरेश मिश्रा, कमलेश सिंह छिपादोहर लैंप्स अध्यक्ष बी डी सिंह,दीपा देवी समेत काफी संख्या में लोग शामिल थे।

रामगढ़ में जेल अदालत के मौके पर विधिक जागरूकता सह स्वास्थ्य जाँच शिविर का आयोजन

रामगढ
उपकारा रामगढ़

सच खबर,रामगढ़। कार्यकारी अध्यक्ष, झालसा, जस्टिस, एस एन प्रसाद के निर्देशानुसार एवं आलोक कुमार दुबे, प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकार, रामगढ़ के निर्देशानुसार आज 15 दिसम्बर रविवार को जिला विधिक सेवा प्राधिकार, रामगढ़ के तत्वावधान में उपकारा, रामगढ़ में जेल अदालत के मौके पर विधिक जागरूकता सह स्वास्थ्य जाँच शिविर का आयोजन किया गया। जाँच शिविर में कुल 249 बंदियों का जाँच की गई, जिसमें 14 महिला एवं 235 पुरूष बंदी शामिल थे। इस आयोजन पर उपकारा, रामगढ़ में संसीमित सैकड़ों बंदियों को विधिक जानकारी, लीगल एड डिफेंस काउंसिल योजना से संबंधित सम्पूर्ण जानकारी दी गयी। साथ ही उपकारा, रामगढ़ में संसीमित बंदियों का चिकित्सा पदाधिकारियों के द्वारा स्वास्थ्य जाँच कर महत्वपूर्ण चिकित्सा परामर्श भी दिया गया जिससे बंदी लाभांवित हुए। इस अवसर पर सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकार, रामगढ़ अनिल कुमार, प्रभारी काराधीक्षक अरूण कुमार खलखो, प्रभारी कारापाल शंकर कुमार, एलएडीसी चीफ सुजीत सिंह, डिप्टी चीफ राम जी, असिस्टेंट अभिनव कुमार व मोहन महतो, चिकित्सा पदाधिकारी रविन्द्र कुमार एवं उनकी टीम उपकारा रामगढ़ में उपस्थित थे।

चांडिल थाना प्रभारी वरुण यादव को निलंबित किया गया

सरायकेला। डीजीपी अनुराग गुप्ता ने सरायकेला के चांडिल थाना प्रभारी वरुण यादव को निलंबित कर दिया है। डीजीपी ने बताया कि सीआईडी की रिपोर्ट के बाद चांडिल थाना प्रभारी को निलंबित कर दिया गया है। बता दें कि डीजीपी ने पहले ही पुलिसकर्मियों द्वारा जनता के साथ दुर्व्यवहार के मामलों में सख्त कार्रवाई के निर्देश दिए थे। उन्होंने सभी जिलों के थाना प्रभारियों और पुलिसकर्मियों को जनता के साथ संवेदनशील और सम्मानजनक व्यवहार सुनिश्चित करने के दिशा–निर्देश जारी किए थे।

सदस्यता अभियान को लेकर भाजपा का एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन

लातेहार। सदस्यता अभियान को लेकर भाजपा का एक दिवसीय कार्यशाला भाजपा कार्यालय में आयोजित किया गया. कार्यशाला में सदस्यता अभियान को तेज करने एवं गांव–गांव तक पहुंचाने पर जोर दिया गया। प्रमंडलीय प्रभारी सह प्रदेश उपाध्यक्ष विकास प्रीतम ने कहा कि भाजपा का सदस्यता अभियान सत्र 2024 से 2030 तक के लिए चलाया जा रहा है. इस सदस्यता अभियान में पार्टी के प्रदेश से लेकर बूथ स्तर तक के कार्यकर्ता कार्य में लगेंगे। मोबाइल से 8800002024 पर मिस्ड कॉल कर भाजपा का सदस्य बना जा सकता है. कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष पंकज कुमार सिंह ने की. संचालन जिला महामंत्री अमलेश सिंह ने किया. मौके पर जिला प्रभारी मुकेश निरंजन सिंह, पूर्व विधायक हरिकृष्ण सिंह, राजधानी प्रसाद यादव, संयोजक संतोष यादव, सीतामनी तिर्की, सह संयोजक राकेश दुबे, संयोजक कल्याणी पांडेय, सह संयोजक बंशी यादव जी, जिला मीडिया प्रभारी मुकेश कुमार पांडेय, इंद्रजीत यादव के अलावा जिला परिषद के सदस्य, प्रदेश पदाधिकारी, कार्य समिति सदस्य, जिला पदाधिकारी, जिला कार्य समिति सदस्य, मोर्चा जिला अध्यक्ष, मंडल अध्यक्ष महामंत्री समेत कई भाजपाई उपस्थित थे।

झारखंड के वरिष्ठ कांग्रेस नेता और संयुक्त बिहार में मंत्री रहे कृष्णानंद झा का निधन

देवघर: झारखंड के वरिष्ठ कांग्रेस नेता और संयुक्त बिहार में मंत्री रहे कृष्णानंद झा का रविवार को देवघर में निधन हो गया। वह पिछले कुछ महीनों से बीमार थे। कृष्णानंद झा प्रसिद्ध शैक्षणिक संस्था देवघर पीठ के व्यवस्थापक थे और उनकी ख्याति एक शिक्षाविद के रूप में थी। वह देवघर स्थित बाबा धाम मंदिर के मुख्य ट्रस्टी भी रहे थे। उनके निधन की खबर पाकर देवघर के कई प्रमुख लोग और विभिन्न राजनीतिक दलों के नेता उनके आवास पहुंचे और श्रद्धांजलि अर्पित की। कृष्णानंद झा के निधन पर झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने गहरा दुख व्यक्त किया है। मुख्यमंत्री ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा, 'बिहार सरकार में पूर्व मंत्री और मधुपुर से पूर्व विधायक, शिक्षाविद कृष्णानंद झा के निधन की दुःखद खबर मिली। कृष्णानंद सौम्य व्यक्तित्व के धनी थे। परमात्मा दिवंगत आत्मा को शांति प्रदान कर शोकाकुल परिवारजनों को दुःख की यह विषम घड़ी सहन करने की शक्ति और साहस दे।'

मजेदार चुटकुले

चिंटू: तेरा भाई आजकल क्या कर रहा है?

मिंटू: एक दुकान खोली थी, लेकिन अब जेल में है.

चिंटू: ओह! पर ऐसा क्यों?

मिंटू: भाई ने दुकान हथोड़े से खोली थी...

सुबह नींद से जागते ही जब शरीर देने लगे ऐसे संकेत, ये डायबिटीज होने का एक बड़ा इशारा है

भारत में शायद ही ऐसा कोई शख्स होगा जिसके परिवार या खानदान में किसी को डायबिटीज की बीमारी न हो. ये एक आम समस्या बन चुकी है, इंसान के लिए ये किसी साइलेंट किलर से कम नहीं है. मधुमेह होने के बाद अगर सेहत का ख्याल न रखा गया तो शरीर धीरे–धीरे कमजोर होने लगता है. भले ही काफी लोगों को ये बीमारी जेनेटिक कारणों से हो सकती है, लेकिन आमतौर पर खराब लाइफस्टाइल और अनहेल्दी फूड इसके पीछे जिम्मेदार है. अगर सुबह के वक्त आपके शरीर में कुछ लक्षण नजर आने लगे तो समझ जाएं की ब्लड शुगर लेवल बढ़ चुका है. जब ब्लड शुगर लेवल बढ़ता है तो सुबह जागने के बाद मरीज को जी मिचलाने की शिकायत होने लगती है. ये डायबिटीज होने का एक बड़ा इशारा है. अगर नियमित तौर पर उल्टी का अहसास होने लगे तो ग्लूकोज टेस्ट जरूर करा लें. कई लोगों को नींद से जागने के बाद आंखों से धुंधला नजर आने लगे तो ये ब्लड शुगर लेवल की वॉर्निंग साइन हो सकती है. दरअसल डायबिटीज की वजह आंखों का लेंस बड़ा होने लगता है, ऐसे में लो विजन की शिकायत होना आम बात है. अगर आप शरीर में ग्लूकोज लेवल को कम कर देंगे तो नजरें फिर से ठीक हो सकती हैं. |डायबिटीज के मरीज को अक्सर सुबह उठने के बाद ये महसूस होता है कि उनका मुंह सूखने लगा है. अगर आपको मॉर्निंग टाइम में हद से ज्यादा प्यास की शिद्दत महसूस होने लगे तो तो तुरंत ब्लड शुगर लेवल की जांच करा लें, ये खतरनाक संकेत हो सकता है.| इन तीन लक्षणों के अलावा डायबिटीज के मरीजों को कुछ और भी इशारे मिल सकते हैं, जिन्हें नजरअंदाज करना एक बड़ी भूल साबित हो सकती है. जैसे थकान बढ़ना, हाथों और पैरों का सुन्न होना और बेहोशी आना शामिल है. अगर इन इशारों को पहचान लेंगे तो कई खतरों से बच जाएंगे. Disclaimer: प्रिय पाठक, हमारी यह खबर पढ़ने के लिए शुक्रिया. यह खबर आपको केवल जागरूक करने के मक़सद से लिखी गई है. हमने इसको लिखने में घरेलू नुस्खों और सामान्य जानकारियों की मदद ली है. आप कहीं भी कुछ भी अपनी सेहत से जुड़ा पढ़ें तो उसे अपनाने से पहले डॉक्टर की सलाह जरूर लें.

बादाम खाने से स्किन ग्लोइंग बनती है

बड़े–बुजुर्गों ने हमेशा कहते रहते हैं कि मेवा सेवा करना काफी जरुरी है। लेकिन आजकल के लोग तो हेल्दी ड्राई फ्रूट्स का सेवन करना पसंद ही नहीं करते। अगर आप अपनी जीवन शैली को बेहतर करना चाहते हैं,तो आज ही से बादाम को अपनी डाइट में शामिल कर लें। इसके सेवन से बॉडी हेल्दी और मजबूत बनती है। वहीं, बादाम खाने से स्किन ग्लोइंग बनती है। रोजाना बादाम खाने से चेहरे की झुर्रियां और फाइन लाइन्स सब गायब हो जाएगी। बादाम न्यूट्रिशन का खजाना है। आइए आपको बताते हैं बादाम का सेवन स्किन को जवान रखने में कैसे मददगार है। बादाम टेस्टी और गुणों से भरपूर ड्राई फ्रूट है। इसमें कई सारे पोषक तत्व पाए जाते हैं। बादाम शरीर और त्वचा को पोषण देने में मदद करता है और उम्र के लक्षणों को धीमा करने मदद करता है। गौरतलब है कि बादाम में प्रोटीन, विटामिन सी, बी 6, मैग्नीशियम, आयरन और पोटैशियम जैसे ढेरों पोषक तत्व पाए जाते हैं। दरअसल, दुनियाभर के अलग–अलग शोधो में पाया गया है कि बादाम के सेवन से तरीकों से झुर्रियों को कम करने और त्वचा को बेहतर बनाने में मदद करता है। बादाम में विटामिन ई होता है, जो एक एंटीऑक्सीडेंट है जो त्वचा को प्रदूषण और हानिकारक फ्री रैडिकल्स से बचाता है। वहीं, फ्री रैडिकल्स शरीर में कैंसर जैसी खतरनाक बीमारी और उम्र को तेजी से बढ़ाने का कराण बनते हैं। बादाम में पाए जाने वाला विटामिन ई कोलेजन के उत्पादन को बढाता है, जो उम्र के लक्षणों को कम करता है। इसमें हेल्दी फैट होता है जो त्वचा को नमी प्रदान करता है। बादाम खाने से त्वचा की इलास्टिसिटी अच्छी रहती है और झुर्रियों को भी कम करता है।● ● ●

सर्दियों की धूप से शरीर में हैप्पी हार्मोन सेरोटोनिन का लेवल बढ़ता है

सर्दियों की गुनगुनी धूप में बैठना आखिर किसे पसंद नहीं होता है। अक्सर लोग सर्दियों में धूप में बैठकर काम करना, नींद लेना और घंटों बैठकर बातें करना काफी अच्छा लगता है। लेकिन क्या आप जानते हैं कि सर्दियों की धूप हमारी सेहत के लिए काफी फायदेमंद होता है। लेकिन कई बार बिजी शेड्यूल होने के कारण धूप में बैठना या धूप सेंकने का मौका नहीं मिल पाता है। जोकि काफी खतरनाक हो सकता है। ठंड में धूप में बैठने से आपको न सिर्फ शारीरिक बल्कि मानसिक दोनों तरह से लाभ मिलती है। ऐसे में आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको बताने जा रहे हैं कि सर्दियों के मौसम में धूप सेंकने से क्या–क्या फायदे मिलते हैं। सर्दियों में धूप में बैठने से नींद बेहतर होती है। इससे सर्कैडियन लय सुधरती है और अच्छी नींद आती है। क्योंकि सूरज की रोशनी में मेलाटोनिन कंट्रोल होता है, जो नींद को बेहतर बनाने का काम करता है। सर्दियों में धूप में बैठने से आपको अंदर से खुशी मिलती है। सर्दियों की धूप से शरीर में हैप्पी हार्मोन सेरोटोनिन का लेवल बढ़ता है और यह हार्मोन डिप्रेशन को कम करता है और आपको खुश रखता है। इससे आपको मेंटल पीस मिलता है। सर्दियों में धूप सेंकने से याददाश्त अच्छी होती है। हमारे शरीर के लिए विटामिन डी बहुत महत्वपूर्ण होता है। क्योंकि इस विटामिन की कमी से शरीर में कई तरह की बीमारियां होने लगती हैं। विटामिन डी से हड्डियां मजबूत होती हैं और इम्यूनिटी बूस्ट होती है। साथ ही यह विटामिन हमारे शरीर में एनर्जी के लेवल को बनाने का काम करता है। सर्दी में धूप सेंकने से हार्ट डिजीज, डायबिटीज और कुछ तरह के कैंसर के खतरे को भी कम किया जा सकता है। बता दें कि विटामिन डी ऑस्टियोपोरोसिस के विकास के खतरे को भी कम करता है। सर्दियों में आलस बढ़ जाता है और यदि आप धूप में बैठते हैं, तो शरीर को एनर्जी मिलती है। धूप सेरोटोनिन के उत्पादन को बढ़ाने के साथ इसे उत्तेजित करता है। इससे ब्रेन सेल्स तक सही संदेश पहुंचता है। सर्दियों में धूप में बैठने से नींद की समस्या, फोबिया, तनाव और सिजोफ्रेनिया जैसी समस्याएं कम हो सकती हैं। अगर आपकी इम्यूनिटी मजबूत होगी तो आपका शरीर कई बीमारियों से बचा रहेगा। सर्दी की धूप इम्यूनिटी बढ़ाने का काम करती है और धूप में बैठने से शरीर में सफेद रक्त कोशिकाओं का उत्पादन बढ़ता है। इससे संक्रमण से बचने में भी सहायता मिलती है। वहीं धूप की कमी से होने वाले सीजनल अफेक्टिव डिसऑर्डर भी कम होते हैं। **इस लेख** के सुझाव सामान्य जानकारी के लिए हैं। इन सुझावों और जानकारी को किसी डॉक्टर या मेडिकल प्रोफेशनल की सलाह के तौर पर न लें। किसी भी बीमारी के लक्षणों की स्थिति में डॉक्टर की सलाह जरूर लें।

इस फेस्टिव सीजन में आप पर ठहर जाएगी हर किसी की नजर, जब वियर करेंगी ये पटियाला सूट

फेस्टिव सीजन में लड़कियां कुछ ऐसा पहनना चाहती हैं, जो उनके लुक में चार चांद लगा दें। अगर आप इस फेस्टिव सीजन में एथनिक आउटफिट पहनने की सोच रही हैं, तो आप पटियाला सूट कैरी कर सकती हैं। इसमें आपको कई कलर ऑप्शन और डिजाइन ऑप्शन मिल जाएंगे। अगर आप भी चाहती हैं कि हर कोई आपकी तारीफ करे और हर किसी की नजर आप पर ठहर जाए, तो आप इस तरह के आफटफिट का चुनाव कर सकती हैं। बता दें कि इस तरह के आउटफिट न्यू लुक पाने के लिए बेस्ट ऑप्शन हैं और आप इस तरह के आउटफिट नें भीड़ से अलग नजर आएंगी। अगर आपको लाइट कलर अच्छा लग रहा है और आप लाइट कलर में कुछ पहनने का सोच रही हैं, तो आप इस तरह का पिंक कलर का पटियाला सूट स्टाइल कर सकती हैं। इसमें बेहद खूबसूरत एम्ब्रॉयडरी की गई है। इस तरह के सूट में आपको कई कलर ऑप्शन मिल जाएंगे। आप ऑनलाइन और ऑफलाइन दोनों में ही 1,000 से 2,000 रुपए तक ऐसे सूट खरीद सकती हैं। इसके अलावा आप सिल्क पटियाला सूट भी स्टाइल कर सकती हैं। यह सूट सिल्क में है। इस पटियाला सूट में बेहद खूबसूरत एम्ब्रॉयडरी की गई है। यह सूट 3/4 स्लीव्स में आता है, जो न्यू लुक पाने के लिए बेस्ट है। आप इस तरह का सूट ऑनलाइन या फिर ऑफलाइन में 2,000 रुपए तक खरीद सकते हैं। इसके साथ आप मिरर वर्क वाली ज्वलरी और फुटवियर में जूती पहन सकती हैं। वहीं बालों की चोटी बना सकती हैं। अगर आप डार्क कलर में कुछ पहनना चाहती हैं, तो आप मिरर वर्क वाला पटियाला सूट भी कैरी कर सकती हैं। इस तरह के सूट पर बेहद खूबसूरती के साथ मिरर वर्क किया गया है। साथ ही इस सूट में लाइट कलर का दुपट्टा है और यह न्यू लुक पाने के लिए बेस्ट ऑप्शन हो सकता है। मार्केट से इस तरह के सूट आप 2,000 से 3,000 रुपए तक खरीद सकती हैं। स्ट्रेप वाला यह सूट आप फेस्टिवल सीजन में स्टाइल कर सकती हैं। इस सूट का नेट वाला दुपट्टा आपके लुक को रॉयल बनाएगा।

आप ऑनलाइन और ऑफलाइन दोनों में ही 1,000 से 2,000 रुपए तक ऐसे सूट खरीद सकती हैं। इसके अलावा आप सिल्क पटियाला सूट भी स्टाइल कर सकती हैं।

बिहार पुलिस अधीनस्थ सेवा आयोग ने 305 स्टेनो असिस्टेंट सब-इंस्पेक्टर पदों पर भर्ती का ऐलान किया



बिहार पुलिस अधीनस्थ सेवा आयोग ने 305 स्टेनो असिस्टेंट सब–इंस्पेक्टर पदों पर भर्ती का ऐलान किया है. इस भर्ती के लिए आवेदन 17 दिसंबर 2024 से 17 जनवरी 2025 तक आयोग की आधिकारिक वेबसाइट के जरिए ऑनलाइन किए जा सकते हैं। **चयन प्रक्रिया:** आधिकारिक नोटिफिकेशन के अनुसार, चयन प्रक्रिया में लिखित परीक्षा, स्टेनो और टाइपिंग स्किल टेस्ट, मेडिकल टेस्ट और डॉक्यूमेंट वेरिफिकेशन शामिल होंगे. लिखित परीक्षा में दो पेपर होंगे और स्टेनो व टाइपिंग स्किल टेस्ट केवल क्वालिफाइंग होगा. फाइनल मेरिट लिस्ट लिखित परीक्षा में प्राप्त अंकों के आधार पर तैयार की जाएगी.। आवेदन के लिए एलिजिबिलिटी और आयु सीमा: मिनिमम आयु: 18 वर्ष,अधिकतम आयु: 25 वर्ष । **शैक्षणिक योग्यता:** उम्मीदवारों को इंटरमीडिएट (10+2) या समकक्ष परीक्षा पास होना चाहिए और मान्यता प्राप्त संस्थान से कंप्यूटर साइंस में डिप्लोमा होना चाहिए.। उम्मीदवारों को एमएस ऑफिस (वर्ड, एक्सेल, पावरपॉइंट) और इंटरनेट की नॉलेज होना आवश्यक है। लिखित परीक्षा का फॉर्मेट' पहला पेपर: विषय: सामान्य हिंदी। कुल अंक: 100 । पास करने के लिए मिनिमम अंक: 30 । **दूसरा पेपर:** विषय: सामान्य ज्ञान और करेंट अफेयर्स। कुल अंक: 200 । प्रश्नों की संख्या: 100 (मल्टिपल चॉइस क्वेश्चेन)। समय: 2 घंटे। प्रत्येक गलत उत्तर पर 0.2 अंक की कटौती की जाएगी. स्टेनो और टाइपिंग स्किल टेस्ट: स्टेनोग्राफी: स्पीड: 80 शब्द प्रति मिनट (5 मिनट के लिए डिक्टेशन)। **टाइपिंग:** समय: 20 मिनट। 10 प्रतिशत से अधिक गलतियां होने पर फेल घोषित किया जाएगा. **अन्य महत्वपूर्ण बातें:** स्किल टेस्ट केवल क्वालिफाइंग होगा. फाइनल मेरिट लिस्ट लिखित परीक्षा के अंकों के आधार पर तैयार होगी. मेडिकल टेस्ट सभी उम्मीदवारों के लिए अनिवार्य है, भर्ती प्रक्रिया में इंटरव्यू नहीं होगा. **नोट:** इच्छुक उम्मीदवार समय पर आवेदन करें और भर्ती के नियमों का पालन करें.

15 दिसंबर को ही भारत के लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल का निधन हुआ था

आज ही के दिन यानी की 15 दिसंबर को भारत के लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल का निधन हुआ था। सरदार वल्लभभाई पटेल आजादी के समय देश के एकीकरण जैसे कार्यों को अंजाम देने के लिए जाना जाता है। सरदार पटेल देश के पहले गृहमंत्री थे। इन्होंने देश की आजादी के बाद भारत–पाकिस्तान के बंटवारे की प्रक्रिया को सुचारू रूप से चलाया और देश भर में चलने वाले हिंदू–मुस्लिम दंगों से निपटने के लिए अविस्मरणीय योगदान दिया। तो आइए जानते हैं उनकी डेथ एनिवर्सरी के मौके पर सरदार वल्लभ भाई पटेल के जीवन से जुड़ी कुछ बातों के बारे में... गुजरात के नाडियाद में 31 अक्तूबर 1875 वल्लभभाई पटेल का जन्म हुआ था। वह अपने माता–पिता की 6 संतानों में से चौथी संतान थे। हालांकि उनकी औपचारिक शिक्षा समय से पूरी नहीं हो सकी थी। उन्होंने 22 साल की उम्र में मैट्रिक की परीक्षा पास की। फिर वल्लभभाई पटेल ने खुद के खर्चे पर पढ़ाई की योजना बनाई और इंग्लैंड जाकर बैरिस्टर बनने का सपना पाला। उन्होंने अपने इस सपने को खुद पूरा भी किया। स्वतंत्र भारत के पहले उप प्रधानमंत्री और गृह मंत्री सरदार वल्लभ भाई पटेल भारत को एकजुट करने के लिए कई प्रयास किए। साथ ही उन्होंने इसके लिए कई सराहनीय कदम भी उठाए। सरदार पटेल के योगदान का यह परिणाम रहा कि आजादी से पहले जो देश छोटी–छोटी रियासतों में बंटा था, वह लोकतांत्रिक सरकार के अंतर्गत आ गया। सरदार वल्लभभाई पटेल ने 562 देशी रियासतों को भारतीय संघ में विलय करावाया और भारत को एकता के सूत्र में बांधने जैसा महान कार्य किया। उनके इस योगदान की वजह से उन्हें श्भारत का लौह पुरुषश कहा जाने लगा। वह अपने अनुशासन और दृढ़ता के लिए फेमस थे। सरदार पटेल निर्णय लेने में अडिग थे और किसी भी बाधा से घबराते नहीं थे। सरदार पटेल की यह दृढ़ता देश के एकीकरण में मददगार साबित हुई। बता दें कि सरदार पटेल ने स्वतंत्रता संग्राम की आग को तेजी देते हुए सरदार 1928 में गुजरात के बारदोली क्षेत्र में किसानों के नेतृत्व में ब्रिटिश सरकार के खिलाफ एक सफल आंदोलन का नेतृत्व किया। इसी आंदोलन के बाद उनको 'सरदार' की उपाधि मिली। वहीं बारदोली सत्याग्रह के दौरान सरदार पटेल के नेतृत्व की काफी प्रशंसा हुई। बता दें कि सरदार वल्लभभाई पटेल ने हमेशा भारत की एकता और अखंडता को प्राथमिकता दी। इसलिए सरदार पटेल के सम्मान में गुजरात के केवड़िया में विश्व की सबसे ऊंची प्रतिमा 'स्टैच्यू ऑफ यूनिटी' बनाई गई। जो देश के लिए उनके योगदान का प्रतीक है। सरदार पटेल की सेहत 02 नवंबर 1950 को बहुत ज्यादा खराब हो गई थी। साथ ही वह अपनी चेतना भी खोने लगे थे। वह ज्यादा से ज्यादा समय बिस्तर पर बिताने लगे। वहीं स्वास्थ्य अधिक खराब होने पर 12 दिसंबर को दिल्ली से मुंबई लाया गया था। फिर 15 दिसंबर 1950 को दिल का दौरा पड़ने से सरदार वल्लभभाई पटेल का निधन हो गया।● ● ●

पुण्य तिथि पर विशेष

पंजाब नेशनल बैंक में साइकोलॉजिस्ट के पदों पर नियुक्तियां की जाएंगी, 16 दिसंबर तक आवेदन फॉर्म जमा करें

punjab national bank
...the name you can BANK upon!
PNB Recruitment 2024
Check Application Form, Eligibility, Documents, Apply Online, @pnbindia.in

पंजाब नेशनल बैंक में नौकरी करने की ख्वाहिश रखने वाले कैंडिडेट्स के पास अच्छा मौका है. बैंक की ओर से नई भर्तियां निकाली हैं,जिसके लिए लंबे समय से आवेदन प्रक्रिया जारी है. इस भर्ती के जरिए साइकोलॉजिस्ट के पदों पर नियुक्तियां की जाएंगी. आवेदन की लास्ट डेट नजदीक है, इच्छुक और योग्य उम्मीदवार बिना देर किए ऑफिशियल वेबसाइट pnbindia-in पर जाकर एप्लीकेशन फॉर्म भर सकते हैं. यहां हम आपको इस भर्ती से जुड़ी तमाम जरूरी डिटेल्स देने जा रहे हैं...**आवेदन की लास्ट डेट:** पंजाब नेशनल बैंक की इस भर्ती के लिए कैंडिडेट्स 16 दिसंबर 2024 तक आवेदन फॉर्म जमा कर सकते हैं. इसके बाद आवेदन करने का मौका नहीं मिलेगा. ऐसे में इच्छुक और योग्य कैंडिडेट्स को सलाह दी जाती है कि समय रहते इन पदों के लिए आवेदन कर दें. **वैकेंसी डिटेल:** इस भर्ती के तहत एक पद सभी कर्मचारियों के लिए साइकोलॉजिस्ट टेली कंसल्टेंट और एक अन्य पद महिला साइकोलॉजिस्ट टेली कंसल्टेंट के लिए है. **जरूरी योग्यता:** इन दोनों पदों के लिए मनो. विज्ञान में एमए की डिग्री होनी चाहिए. इसके अलावा मनोविज्ञान में पीएचडी/एमफिल को वरीयता दी जाएगी. इसके साथ ही आवेदकों को काउंसलिंग साइकोलॉजी में 10 साल का अनुभव होना जरूरी है. **उम्र सीमा:** पीएनबी भर्ती 2024 के लिए आवेदन करने वाले उम्मीदवारों की आयु 1 जनवरी 2025 तक 69 साल से ज्यादा नहीं होनी चाहिए. **ऐसे होगा चयन** आवेदकों की शॉर्टलिस्टिंग के बाद पर्सनल इंटरव्यू लिया जाएगा. जरूरी योग्यता और अनुभव पात्रता पूरी करने वाले उम्मीदवारों को इंटरव्यू के लिए आमंत्रित किया जाएगा. फाइनल सिलेक्शन इंटरव्यू में प्रदर्शन के आधार पर होगा. शॉर्टलिस्टेड कैंडिडेट्स को आगे की प्रक्रिया के लिए ईमेल के जरिए इनफॉर्म किया जाएगा। **सैलरी:** इन पदों पर चयनित होने वाले उम्मीदवारों को मंथली सैलरी के तौर पर 1,00,000 रुपये तक दिया जाएगा.

राजस्थान में असिस्टेंट प्रोफेसर के पदों पर निकाली भर्ती, ऐसे करें आवेदन

RPSC Assistant Professor
200 Vacancies
Notification 2024

राजस्थान लोक सेवा आयोग ने 30 विभिन्न विषयों में असिस्टेंट प्रोफेसर 2024 के 575 पदों पर भर्ती के लिए आवेदन प्रक्रिया शुरू कर दी है. इच्छुक और योग्य उम्मीदवार RPSC की आधिकारिक वेबसाइट rpsc-rajasthan-gov-in के माध्यम से आवेदन कर सकते हैं. आवेदन प्रक्रिया 10 फरवरी 2025 तक जारी रहेगी। **आयु सीमा:** आवेदक की आयु 1 जुलाई 2025 को 21 से 40 वर्ष के बीच होनी चाहिए. आरक्षित वर्ग के उम्मीदवारों को अधिकतम आयु सीमा में छूट दी जाएगी, जो सरकार के नियमों के अनुसार होगी. आरपीएससी: असिस्टेंट प्रोफेसर भर्ती 2024: आवेदन करने के स्टेप्स: सबसे पहले आधिकारिक वेबसाइट rpsc-rajasthan-gov-in पर जाएं। इसके बाद होम पेज पर 'Apply Online' के टैब पर क्लिक करें.। अब आप एसएसओ पोर्टल पर रजिस्टर करें और दिए गए निर्देशों का पालन करें, इसके बाद आवेदन फॉर्म भरें, शुल्क का भुगतान करें और सबमिट पर क्लिक करें., आप भरे हुए आवेदन फॉर्म का प्रिंटआउट या कॉपी सेव कर लें.। **आवेदन शुल्क:** सामान्य और अनारक्षित वर्ग: 600 रुपये, एससी,एसटी, ओबीसी और अन्य आरक्षित वर्ग: 400 रुपये। परीक्षा पैटर्न: परीक्षा दो चरणों में होगी: लिखित परीक्षा और इंटरव्यू. लिखित परीक्षा: कुल 200 अंकों की होगी.संबंधित विषयों पर आधारित: 75 अंक, समय सीमा 3 घंटे, राजस्थान सामान्य अध्ययन: 50 अंक, समय सीमा 3 घंटे, इंटरव्यू: कुल 24 अंकों का होगा. लिखित परीक्षा और इंटरव्यू के अंकों के आधार पर फाइनल मेरिट लिस्ट तैयार की जाएगी. **अन्य जानकारी:** उम्मीदवारों को सलाह दी जाती है कि वे डिटेल्ड जानकारी के लिए आयोग के आधिकारिक नोटिफिकेशन को ध्यानपूर्वक पढ़ें. इसमें विषयवार रिक्तियों की डिटेल, शैक्षणिक योग्यता, पाठ्यक्रम और चयन प्रक्रिया से संबंधित अन्य जानकारियां शामिल हैं. राजस्थान लोक सेवा आयोग राज्य स्तरीय प्रशासनिक भर्ती प्रक्रिया का संचालन करता है. RPSC हर साल राजस्थान में विभिन्न शिक्षण और गैर–शिक्षण पदों के लिए परीक्षाएं आयोजित करता है.

संथाल लोग और झारखंड; भारत के हृदय स्थल हैं: अमेरिकी राजदूत एरिक गार्सेटी

अमेरिकी राजदूत एरिक गार्सेटी और माल्टा के उच्चायुक्त रूबेन गौसी ने सांस्कृतिक आदान–प्रदान पर केंद्रित एक अनौपचारिक यात्रा पर दुमका के महारो स्थित सेंट जेवियर्स कॉलेज का दौरा किया

दुमका। भारत में अमेरिकी राजदूत एरिक गार्सेटी और माल्टा के उच्चायुक्त रूबेन गौसी ने सांस्कृतिक आदान–प्रदान पर केंद्रित एक अनौपचारिक यात्रा पर दुमका के महारो स्थित सेंट जेवियर्स कॉलेज का दौरा किया। जहां दोनों गणमान्यों का स्वागत संताली पा. रंपरिक लोक नृत्य के साथ किया गया। दुमका के सेंट जेवियर्स कॉलेज का दौरा पर अमेरिकी राजदूत एरिक गार्सेटी ने कहा कि संथाल लोग और झारखंड भारत के हृदय स्थल हैं, जहां लोग अपनी गहरी परंपराओं से जुड़े होते हैं और प्रकृति के साथ सह–अस्तित्व की समझ रखते हैं। उन्होंने यह भी कहा कि दुनिया को इन परंपराओं से बहुत कुछ सीखने की जरूरत है, और जब भी वह भारत में आदिवासी समुदायों से मिलते हैं, तो उन्हें यह समझ में आता है कि कैसे लोग प्रकृति को संरक्षित करते हैं। बांग्लादेश में हिंदुओं और अल्पसंख्यकों के खिलाफ अत्याचारों पर गार्सेटी ने कहा कि धार्मिक अल्पसंख्यकों की सुरक्षा महत्वपूर्ण है, क्योंकि यह लोकतंत्र और शांति की नींव है। वह भारत, बांग्लादेश और दक्षिण एशिया में मिलकर काम कर रहे हैं ताकि अल्पसंख्यकों की आवाज़ दबाई न जाए। वहीं इस यात्रा को लेकर माल्टा के उच्चायुक्त रूबेन गौसी ने कहा कि वह चार साल से अधिक समय से भारत में हैं और झारखंड की यह उनकी पांचवी यात्रा है। उन्होंने कहा कि वह अमेरिकी राजदूत के साथ दुमका आने पर गर्व महसूस करते हैं, और यह यात्रा खासतौर पर अल्पसंख्यकों के मुद्दे पर आधारित है। गौसी ने बताया कि दुमका का माल्टा से ऐतिहासिक संबंध है, क्योंकि 1925 में जेबूसाइट यहां आए थे, और वहां बहुत से लोग संथाली बोलते हैं।

मणिपुर में अज्ञात बंदूकधारियों ने बिहार के दो मजदूरों की गोली मारकर हत्या कर दी

मणिपुर में फिर हिंसा...बिहार के दो मजदूरों की गोली मारकर हत्या
Oneindia

मणिपुर। मणिपुर के काकचिंग जिले में शनिवार शाम कुछ अज्ञात बंदूकधारियों ने बिहार के दो प्रवासी श्रमिकों की गोली मारकर हत्या कर दी। पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस के मुताबिक, यह घटना शाम करीब 5.20 बजे काकचिंग–वाबागई रोड पर केइराक में पंचायत कार्यालय के पास हुई। पुलिस ने बताया कि इस घटना के पीछे के लोगों की पहचान अभी तक नहीं हो पाई है। मृतकों की पहचान बिहार के गोप. ालगंज जिले के राजवाही गांव निवासी सुनालाल कुमार (18) और दशरथ कुमार (17) के रूप में हुई है। वे निर्माण कार्य करने वाले श्रमिक थे और मेइती–प्रभुत्व वाले काकचिंग जिले में किराए के मकान में रहते थे।

बोकारो डीपीएस के छात्र रहे अनुराग गौतम ने आईईएस परीक्षा 2024 में पूरे भारत में पहला स्थान हासिल किया

संघ लोक सेवा आयोग
UNION PUBLIC SERVICE COMMISSION

बोकारो। बोकारो डीपीएस (दिल्ली पब्लिक स्कूल) के छात्र रहे अनुराग गौतम ने संघ लोक सेवा आयोग (यूपीएससी) की ओर से आयोजित भारतीय आर्थिक सेवा (आईईएस) परीक्षा 2024 में पूरे भारत में पहला स्थान हासिल किया है. टॉपर अनुराग ने न केवल अपने स्कूल और इस्पात नगरी बोकारो का बल्कि पूरे राज्य का मान बढ़ाया है. विद्यालय में 2012 बैच के पहले छात्र अनुराग गौतम को रैंक– 1 मिलने से पूरे विद्यालय परिवार में हर्ष का माहौल है. डीपीएस के प्रिंसिपल डॉ. ए एस गंगवार सहित विद्यालय के सभी शिक्षक–शिक्षिकाओं ने अनुराग को बधाई दी है और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है. प्रिंसिपल डॉ. गंगवार ने कहा कि यह हमारे विद्यालय के छात्रों की उपलब्धियों की सूची में एक और नया अध्याय जुड़ गया है. गौरतलब है कि यूपीएससी द्वारा भारतीय आर्थिक सेवा/भारतीय सांख्यिकी सेवा परीक्षा 2024 के लिए 21 से 23 जून 2024 तक परीक्षा आयोजित की गई थी, जिसकी पर्सनालिटी टेस्ट 2 से 5 दिसंबर तक कराया गया था. जबकि आईएसएस पीटी 3 से 6 दिसंबर, 2024 तक आयोजित किया गया था. परीक्षा के सभी चरणों में बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए अनुराग ने (यूपीएससी रोल नंबर 0670060) ने देशभर में अव्वल स्थान प्राप्त किया है। बोकारो इस्पात संयंत्र के अधिकारी अनुपम कुमार और मां कुमारी संगीता के बेटे अनुराग ने वर्ष 2011 में कक्षा 11वीं में भौतिकी, रसायन विज्ञान और गणित (पीसीएम) चयनित किया था. इसके बाद उन्होंने आईआईटी खड़गपुर से अर्थशास्त्र में एमएससी की पढ़ाई पूरी की. दो भाई–बहन में बड़े अनुराग डीपीएस बोकारो में पढ़ाई के साथ–साथ सह–शैक्षिक गतिविधियों में भी आगे रहा करते थे. उन्हें गिटार और तबला बजाने का भी शौक है.

पाकिस्तान के पेशावर के 'कपूर हाउस' में राज कपूर की 100वीं जयंती मनायी गई



पेशावर। पाकिस्तानी सांस्कृतिक और फिल्म प्रेमी बॉलीवुड के दिग्गज फिल्म निर्माता एवं अभिनेता राज कपूर की 100वीं जयंती मनाने के लिए पेशावर के 'कपूर हाउस' में इकट्ठा हुए और इस दौरान उन्होंने केक काटकर उनकी जयंती मनाई। आयोजन में शामिल लोगों ने राज कपूर और बॉलीवुड के दिग्गज अभिनेता दिलीप कुमार के पैतृक घरों के जीर्णोद्धार के लिए 10 करोड़ रुपये आवंटित करने की विश्व बैंक की घोषणा का भी स्वागत किया। प्रसिद्ध किस्सा खवानी बाजार के पास स्थित दोनों घरों को पेशावर के भारतीय सिनेमा से गहरे संबंधों के प्रतीक के रूप में माना जाता है। 'कल्चरल हेरिटेज काउंसिल' (सीएचसी) और पुरातत्व निदेशालय खैबर पख्तूनख्वा द्वारा संयुक्त रूप से आयोजित इस समारोह में कपूर की विरासत को याद करने के लिए बड़े पैमाने पर कार्यक्रम आयोजित करने का आह्वान किया गया। कार्यक्रम में मौजूद लोगों ने कपूर के पाकिस्तान से संबंधों पर बल दिया और सिनेमा पर उनकी अमिट छाप की प्रशंसा की। राज कपूर का जन्म 14 दिसंबर 1924 को पेशावर के ढाकी नलबंदी में हुआ था और 1988 में उनका निधन हो गया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के तौर पर 'पाक–ईरान ट्रेड एंड इवेस्टमेंट काउंसिल' के सचिव मोहम्मद हुसैन हैदरी मौजूद रहे। दिग्गज अभिनेता पृथ्वीराज कपूर के बेटे राज कपूर ने अपने 40 साल के करियर के दौरान 'आवारा', 'बरसात', 'श्री 420', 'संगम' और 'मेरा नाम जोकर' जैसी फिल्में बनाईं। ● ●

पाकिस्तान के सिंध प्रांत के राजेंद्र मेघवार ने अपनी काबिलियत का परचम लहराते हुए इतिहास रच दिया

दिल्ली। भारत और पाकिस्तान के बीच के रिश्तों में चाहे जितनी कड़वाहट रही हो, दोनों देशों के लोगों के बीच एक गहरा सांस्कृतिक और ऐतिहासिक जुड़ाव हमेशा महसूस किया गया है. इन साझा जड़ों का प्रतिबिंब तब देखने को मिलता है, जब पाकिस्तान के हिंदू समुदाय से नई प्रतिभाएं उभरती हैं. हाल ही में सिंध प्रांत के राजेंद्र मेघवार ने अपनी काबिलियत का परचम लहराते हुए इतिहास रच दिया. वे पाकिस्तान पुलिस सेवा में पहले हिंदू अधिकारी बने हैं और पंजाब प्रांत के फैसलाबाद में सहायक पुलिस अधीक्षक एएसपी के रूप में अपनी सेवा दे रहे हैं. असल में राजेंद्र मेघवार का यह सफर आसान नहीं रहा. एक मुस्लिम बहुल देश में अपनी जगह बनाना, वह भी पुलिस जैसी चुनौतीपूर्ण सेवा में, एक बड़ी उपलब्धि है. उनकी नियुक्ति ने न केवल हिंदू समुदाय को गर्वित किया है, बल्कि पाकिस्तान में पुलिस सेवा के प्रति भरोसा भी बढ़ाया है. इससे पहले भी, हिंदू समुदाय से कई प्रतिभाशाली व्यक्तियों ने अपनी मेहनत के दम पर प्रशासन, न्याय और सेना में महत्वपूर्ण भूमिकाएं निभाई हैं. इनमें डॉ. सना रामचंद गुलवानी और मनीषा रोपेटा जैसी महिलाएं शामिल हैं, जिन्होंने प्रशासनिक और पुलिस सेवा में अपने योगदान से नई मिसाल पेश की.

प्रकाशक एवं मुद्रक **अभिषेक जौरिहार** द्वारा आरती चंद्र प्रिंटर्स, हमीदगंज, मेदिनीनगर, (पलामू) झारखंड से मुद्रित
मुख्य कार्यालय – लालकोठा, थाना रोड, वार्ड नंबर 24 अमलाटोली, एवं **कार्यालय** – हमीदगंज, मेन रोड, वार्ड नं 12 मेदिनीनगर, (पलामू) झारखंड से प्रकाशित।
★ संपादक : **अर्चना लता**,
दूरभाष संख्या : 06562–355614, 8210833167, 9470189398 **आर.एन.आई पंजीकरण सं. JHAHIN/2023/85733**
ई–मेल : **mail@sachkhabar.in**, ★पीआरबी अधिनियम के तहत सभी खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार) **सभी वादों का निपटारा पलामू व्यवहार न्यायालय के अधीन होगा।**